दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/11/ 6125

दिनांक : 23/11/2024.

सेवा में

प्राचार्य/ प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर।

विषय– "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों/प्रतिज्ञा/प्रतियोगिता की तैयारियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संविधान दिवस दिनांक 26.11.2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम/प्रतियोगिता के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत किये गये थे, जिसके क्रम में अवगत कराना है कि संबद्ध महाविद्यालयों में संविधान दिवस पर प्रतिज्ञा दिलाये जाने हेतु पंजीकरण के लिए सूचना-पट्ट एवं छात्रों हेतु बनाये गये ह्वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से छात्रों को सूचित किये जाने सम्बन्धी सूचना महाविद्यालयों द्वारा दी गयी थी। **उक्त छात्रों का पंजीकरण महाविद्यालय स्तर पर गूगलफार्म निर्मित कर उसके माध्यम से किया जाना है। पंजीकरण प्रक्रिया में छात्र/छात्रायें शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग कर सकते हैं तथा दिनांक 26.11.2024 को पूर्वाह्न 10:15 बजे सभी सम्बन्धित को शपथ दिलाने की कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यक्रम की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी महाविद्यालय स्तर पर कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।**

अतः उपरोक्त से अवगत होते हुए संविधान दिवस के सम्बन्ध में पंजीकरण गुगलफार्म के माध्यम से कराये जाने एवं उक्त कार्यक्रम की विडियोंग्राफी तथा फोटोग्राफी करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रो० जितेन्द्र मिश्र, समन्वयक, संविधान दिवस कार्यक्रम।
2. समन्वयक, आई०टी०सी० सेल को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों की लागिन में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वै०सहा० कुलसचिव।

कुलसचिव